>

Title: Regarding diversion of funds allocated for Mahesana-Taranga broad-guage railway line in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। जैसे कि यह 15वीं लोक सभा का आखिरी दिन है, वर्ष 2009 से लेकर आज आखिरी दिन तक हम गुहार लगाते आये हैं। मैं गुजरात से हूं और मेरी कांस्टीटयूंसी महेसाणा है। महेसाणा तारंगा ब्रॉडगेज लाइन बजट आवंटन के बारे में मैं मंत्री जी को आपके माध्यम से कहना चाहती हूं, चूंकि मंत्री जी यहां पर उपस्थित नहीं हैं। आर.टी.आई. के जवाब में रेल मंत्रालय ने दर्शाया है कि महेसाणा-तारंगा ब्रॉडगेज लाइन, जो 57.4 किलोमीटर की है, जिसका वर्ष 2011-12 रेल बजट में निश्चित किया हुआ बजट/फंड 191.14 करोड़ विरमगाम वाया भिलड़ी प्रोजेक्ट में खर्च किया गया है।

महोदय, मैं जानना चाहती हूं कि ऐसा क्यों हुआ? इससे यहाँ की जनता में आक्रोश है और अनशन भी किया गया। मैंने रेल मंत्री जी, वित्त मंत्री जी, उपाध्यक्ष योजना आयोग, चेयरमैन रेलवे बोर्ड को बार-बार पत्र लिखा था किन्तु पत्र की रसीद के सिवाय और कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

मैं सरकार से जानना चाहूंगी कि फंड परिवर्तन क्यों किया गया? इसके लिए कौन जिम्मेदार है और उन पर क्या अनुशासित कार्रवाई की गयी है तथा फंड परिवर्तन न्याय सम्मत है या नहीं? अतः मैं 15वीं लोक सभा के इस आखिरी दिन सरकार से विनती करती हूं कि मुझे आर.टी.आई. से जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके बारे में मंत्री जी आज मुझे जवाब दें।